# University in News on 14 April 2021

**JAGRAN CITY PAGE III**

## लविवि : इंजीनियरिंग संकाय के नौ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विवि के इंजीनियरिंग संकाय के नौ छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के बीसीए के चार छात्रों यश जैन, उस्मान अहमद, उपासना सिंह और अनुराग तिवारी का चयन विप्रो के वर्क इंट्रीगेटेड लर्निंग प्रोग्राम 2021 में 1.86 से 2.76 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

चयनित छात्र नौकरी के साथ देश के प्रतिष्ठित एजुकेशन इंस्टीट्यूट से एमटेक करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के अभिषेक तिवारी एवं हिमांशी द्विवेदी और बीसीए की उपासना एवं प्रज्ज्वल चौबे का चयन साफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 2.4 लाख रुपये प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। वहीं, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र अक्षत जायसवाल का चयन एसोसिएट इंजीनियर के पद पर 3.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज पर हुआ।